# तीन चुनावों में जीत के घट रहे मार्जिन ने भाजपा की चिंता बढ़ाई, गुटबाजी ने कांग्रेस के छुड़ाए पसीने

■ विधानसभा चुनावों में भाजपा व कांग्रेस के बीच सीधी टक्कर रहने के आसार, जिताऊ उम्मीदवार की सर्वे करवाने में जुटी कांग्रेस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| निजामपुर

लोकसभा के चुनाव संपन्न हो गए हैं। जिले की चारों विधानसभा में भाजपा प्रत्याशी को बढ़त मिली है। नांगल चौधरी हलके में सबसे कम बढ़त मिल पाई, इतना ही नहीं बीते तीन चुनावों में भाजपा की लीड का मार्जिन घट रहा है। जिससे चिंतित पार्टी ने कमजोर प्वाइंटों पर मंथन करने का निर्णय लिया है। दूसरी ओर कांग्रेस की गुटबाजी हाईकमान के लिए सिरदर्द साबित हो सकती है।

आपको बता दें कि 2014 में पहली बार भाजपा सत्तासीन हुई थी। पांच साल के विकास कार्यार्रें का लेखाजोखा लेकर पार्टी 2019 में दोबारा जनता के बीच पहुंची तथा लाइसेंस को रिन्यू करने की गुहार लगाई। 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी चौधरी धर्मबीर को नांगल चौधरी हलके से करीब 44 हजार की लीड मिली थी। इसके पांच महीने बाद विधानसभा के चुनाव हुए, जिसमें भाजपा प्रत्याशी डा. अभय सिंह की जीत का मार्जिन लगभग 50 फीसदी घटकर 21 हजार रह गया था। पार्टी ने 2024 के लोकसभा चुनावों में तीसरी बार भी चौधरी धर्मबीर को प्रत्याशी बनाया तथा जीत हासिल की है, लेकिन इस चुनाव में नांगल चौधरी हलके की लीड का मार्जिन घटकर करीब 2500 वोटों पर सिमट गया। अब अक्टूबर महीने में विधानसभा चुनाव होने हैं, ऐसे में घट रहे जीत के मार्जिन ने पार्टी की चिंता बढ़ा दी है। दूसरी तरफ कांग्रेस की खिड़की पर टिकटार्थियों की सबसे लंबी कतार है। एक को टिकट मिलने पर दूसरा नेता बगावत कर सकता है। इसलिए पार्टी ने कोटा सिस्टम खत्म करके लोकप्रियता की सर्वे करवाने का निर्णय लिया है।

सूत्रों की मानें तो एक निजी कंपनी को सर्वे का टैंडर अलॉट कर दिया, जोकि अगस्त के अंतिम सप्ताह तक पार्टी हाईकमान को सूची सौंप देगी। पार्टी का मानना है कि दक्षिण हरियाणा में अभी कांग्रेस मजबूत स्थिति में नहीं आई है, इसलिए जिताऊ उम्मीदवार को मैदान में उतारना समय की मांग है।

### 1991 के बाद सिर्फ एकबार गुर्जर प्रत्याशी रहा विजेता

नांगल चौधरी विधानसभा का गठन 2009 में हुआ था। इससे पहले 1991 में चौधरी फूसाराम नारनौल हलके से विधायक बने थे। इसके बाद 2000 में उनके पुत्र चौधरी मूलाराम विधायक बने, लेकिन इस जीत में दोहान पच्चीसी की बड़ी भूमिका रही थी। इन अहीर बाहुल्य गांवों ने चुनावों का बहिष्कार कर दिया था, दूसरी ओर गुर्जर बाहुल्य गांवों में जमकर वोटिंग होने से जीत संभव हुई थी। इसके बाद चौधरी मूलाराम कोई चुनाव नहीं जीत पाए। लगातार हार होना उनकी टिकट में रोड़ा बन सकती है।

### रिटायर्ड आईएएस विनय यादव की कांग्रेस ज्वाइनिंग से भाजपा की बढ़ी मुश्किलें

रिटायर्ड आईएएस विनय यादव ने बीते महीने कांग्रेस ज्वाइन कर ली। करीब आठ महीने से गांव-गांव में जनसंपर्क कर रहे हैं। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि विनय को टिकट मिलने पर अहीर वोटों में सेंधमारी हो जाएगी। जाट और एससी वोट पार्टी कैडर से मिल सकते हैं। अन्य बिरादरी के वोटों पर भी पार्टी की अच्छी पकड़ साबित हो सकती है। ऐसे में भाजपा हैट्रिक बनाने से वंचित रह सकती है।

### भाजपा में एक तो कांग्रेस की एक दर्जन नेता मांग रहे टिकट

नांगल चौधरी हलके से राज्यमंत्री डॉ अभय सिंह ही टिकट के प्रबल दावेदार हैं। दूसरी तरफ कांग्रेस में रिटायर्ड आईएएस विनय यादव, सत्यपाल दहिया, महेश सोडा, होशियार रावत, रामसिंह रावत, विनोद भील, चौधरी मूलाराम, शीशराम एडवोकेट, राजाराम गोलवा, पूर्व विधायक राधेश्याम शर्मा समेत करीब एक दर्जन नेता टिकट की लाइन में लगे हुए हैं।

## खबर संक्षेप

### पैसे छीनने वाले दो आरोपी पकड़े, नकदी बरामद

**महेंद्रगढ़।** बाइक पर सवार होकर पैसे छीनकर भागने के मामले में कार्रवाई करते हुए थाना शहर व सीआईए पुलिस ने दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। आरोपित की पहचान शिवा वासी लक्ष्मीपुरा थाना छाबड़ा एमपी के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपितों के पास से नकदी बरामद कर ली है। आरोपितों ने शहर क्षेत्र में पैसों से भरी पॉलिथीन छीनने की वारदात को अंजाम दिया था। आरोपितों को न्यायालय में पेश किया गया।

शिकायतकर्ता अत्तर सिंह वासी गांव सुरजनवास थाना सदर ने शिकायत दर्ज करवाई कि 15 जून को उसने पंजाब नेशनल बैंक से ढाई लाख रुपये निकलवाए थे और दूसरे बैंक में जमा करने के लिए जा रहा था।

### एसडी स्कूल में बॉक्सिंग और कुश्ती ट्रायल कल

**कनीना।** एसडी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ककराला में 19 जून को लड़के व लड़कियों की बॉक्सिंग तथा लड़कियों कुश्ती की ट्रायल प्रतियोगिता होगी। बॉक्सिंग व कुश्ती में रूचि रखने वाले आठ से 19 वर्ष तक के खिलाड़ी भाग ले सकते है। प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वाले खिलाड़ियों को आधार कार्ड, परिवार पहचान पत्र, जन्म प्रमाण पत्र व पोसपोर्ट साईज दो रंगीन फोटो के साथ प्रातः 6:30 बजे एसडी विद्यालय ककराला की खेल नर्सरी में उपस्थित होना है। विद्यालय के चेयरमैन जगदेव यादव ने बताया कि यह पूरे क्षेत्र के लिए प्रसन्नता का विषय है कि सरकार की ओर से एसडी विद्यालय को बॉक्सिंग व कुश्ती के लिए खेल नर्सरी आवंटित की है। इस नर्सरी में खिलाड़ियों को अधिक कुशलता के साथ निपुण किया जाएगा।



### कांटी में 25 वर्ष पुराने अवैध कब्जे हटाए

**मंडी अटेली।** अटेली क्षेत्र के गांव कांटी में लगभग 25 वर्ष पुराने पंचायती रास्ते के अवैध कब्जे आपसी सहमति के साथ हटाए गए। इस मौके पर कांटी के सरपंच प्रतिनिधि देवी सिंह ने बताया कि गांव में साढ़े 16 फुट का रास्ता व 200 फुट लंबाई तक लोगों ने पक्के मकान व चारदिवारी करके कब्जा कर रखा था। इस मौके पर अनिल नंबरदार, राकेश , दिवाकर चौहान, लाल सिंह, पप्पू टेलर इत्यादि मौजूद रहे।

### श्री बांके बिहारी का जागरण आज

**नारनौल।** श्री बांके बिहारी सेवा समिति के तत्वावधान में मंगलवार रात को श्रीश्याम कुंज कॉलोनी में जागरण किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए अविनाश अग्रवाल ने बताया कि जागरण में मुख्य यजमान ब्रह्मप्रकाश, मनोज कुमार होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री बांके बिहारी भगवान करेंगे।

### दिलीप शर्मा के निवास पर सुंदरकांड पाठ आज

**नारनौल।** श्री मेहंदीपुर बालाजी मित्र मंडल के तत्वावधान में मंगलवार रात को रात कुलताजपुर रोड बीपीएस स्कूल के सामने दिलीप कुमार शर्मा के निवास स्थान पर सुंदरकांड पाठ किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए मंडल के सदस्य कृष्ण कुमार एडवोकेट ने बताया कि सुंदरकांड पाठ की अध्यक्षता मंडल के प्रधान महावीर प्रसाद अग्रवाल करेंगे।

### भाई रामसिंह ने लगाई ठंडाई की छबील

**नारनौल।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व जिला प्रमुख भाई रामसिंह ने अपने निवास हुडा सेक्टर में एकादशी के उपलक्ष्य में सोमवार को दूध की ठंडाई की छबील लगाई। जहां पर आते-जाते राहगीरों ठंडाई पिलाई गई। उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी में ठंडा पानी पिलाने से पुण्य मिलता है और निर्जला एकादशी पर इसका महत्व और भी बढ़ जाता है। इस मौके पर डा. राज सुनेश यादव, सुनेश यादव, संदीप राव, सतीश, सुरेश फौजी, यश राव, अनुराधा, निकिता, रिया आदि मौजूद थे।

### सरकार से शहर में जमीन अलॉट करने की कर चुके अपील

# गुर्जर समाज सामूहिक सहयोग से नारनौल में बनाएगा छात्रावास

उपमुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंप कर मांग की थी और पूर्व मंत्री से भी काफी बार संपर्क साधा गया था, लेकिन समाज को सरकार से निराशा ही हाथ लगी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल



नारनौल। बैठक करते गुर्जर समाज के लोग। फोटो : हरिभूमि

गुर्जर समाज सामूहिक सहयोग से शहर में जमीन खरीदकर भवन व छात्रावास का निर्माण करवाएगा। इस बारे में गुर्जर कल्याण परिषद के अध्यक्ष कुलदीप सिंह भरगड़ एडवोकेट ने बताया कि पिछले काफी वषार्रें से जिला मुख्यालय नारनौल में गुर्जर समाज सरकार से शहर में जमीन अलॉट करने की अपील कर चुका है। इस बारे में गुर्जर कल्याण परिषद ने सांसद, तत्कालीन उपमुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंप कर मांग की थी और पूर्व मंत्री से भी काफी बार संपर्क साधा गया था, लेकिन समाज को सरकार से निराशा ही हाथ लगी। तब गुर्जर कल्याण परिषद ने जिले में गुर्जर समाज के लोगों की मांग को गंभीरता से लेते हुए इस मुद्दे पर बैठक कर समाज के लोगों से आर्थिक सहयोग से भूमि खरीद कर या पट्टे पर लेकर गुर्जर भवन एवं छात्रावास बववाने का निर्णय लिया है। इस बाबत समाज ने कोरियावास रोड पर गुर्जर भवन निर्माण का निर्णय लिया है। जिसके लिए जिले के गुर्जर समाज के दानदाताओं ने गुर्जर कल्याण परिषद को आर्थिक सहयोग करने की पहल शुरू कर दी है और इस कार्य को पूरा करने को लेकर गुर्जर कल्याण परिषद नारनौल की कार्यकारिणी ने भी कमर कस ली है तथा गुर्जर समाज के भामाशाहों ने केवल ऑनलाइन संदेश मात्र पाकर इस पहल में अब तक करीब 2100000 रुपये की सहयोग राशि अनाउंस होकर चेक प्राप्त होने शुरू गए हैं। ऐसे में अब जल्द ही गुर्जर समाज का सपना साकार होगा।

उन्होंने बताया कि गुर्जर कल्याण परिषद लगातार 2019 के बाद से जिले में गुर्जर समाज के युवाओं को सार्थक संदेश देने एवं प्रतिभा सम्मान समारोह, होली मिलन समारोह एवं अन्य सामाजिक कार्यक्रम कर समाज के लोगों को जागरूक व भाईचारा बढ़ाने का प्रयास करती रही है। गुर्जर कल्याण परिषद का उद्देश्य समाज में व्याप्त कुरीतिया जैसे बाल विवाह, मृत्युभोज आदि को बंद करवाना है। इस दिशा में संस्था ने सार्थक प्रयास भी किए है। समाज का युवा शिक्षा से वंचित न रह जाए, इस बात पर परिषद का विशेष उद्देश्य रहा है। गुर्जर कल्याण परिषद नारनौल के अध्यक्ष कुलदीप भरगड़ एडवोकेट, सचिव उमराव सिंह चंदेला, उपाध्यक्ष कैप्टन रामप्रकाश बलाना, उपाध्यक्ष रामशरण चंदेला मैनेजर, डा. रामावतार चंदेला, डा. रामपाल जैलाफ, कैप्टन कैलाश भरगड़, हरीश जांगल व अन्य संस्था के सदस्यों ने समाज के लोगों के बीच में जाकर सहयोग की अपील की और समाज के लोग भी दिल खोलकर संस्था के सदस्यों का स्वागत तथा सहयोग कर रहे हैं। उन्होंने जिले के गुर्जर समाज के दानदाताओं से सहयोग की अपील की कि प्रत्येक समाजिक व्यक्ति अपने सामर्थ्य अनुसार सहयोग अवश्य करें, जिससे अविलंब गुर्जर समाज के युवाओं को शहर में निःशुल्क लाइब्रेरी व छात्रावास जैसी सुविधा प्राप्त हो सकें।

### इन्होंने किया सहयोग

इस मुहीम में कुलदीप भरगड़ एडवोकेट एडवोकेट, शेरसिंह चेची, मुकेश भरगड़ ने एक-एक लाख रुपये, जगदीश सरपंच ने 61 हजार रुपये, डा. रामावतार चंदेला, विनोद भरगड़, डा. रामपाल, श्रीचंद पटेल, चंद्रदीप भरगड़ एडवोकेट, सूरत सिंह कोच, श्याम चंदेला पार्षद, बलवंत रावत नेवी 51000, महावीर गुर्जर रूपसराय, मानसिंह खटाना 51000, चेतराम सरपंच, हरीश जांगल, सुरेंद्र लगरिया, भूपसिंह बजाड़, सुभाष इस्लामपुरा, रोशन चंदेला, कैप्टन रामप्रकाश, महेंद्र बोकन, कुलदीप रावत सरपंच, रामशरण मैनेजर, जगमाल भरगड़, महीपाल फौजी, सतपाल भरगड़, रामबीर भरगड़, कैप्टन कैलाश भरगड़, दिनेश भरगड़, धर्मपाल भरगड़, संदीप भरगड़ नेवी, उमराव चंदेला, जगदीश थानेदार ने 51-51 हजार रुपये, मामन भरगड़ एडवोकेट, हंसराज भरगड़, हवासिंह ताजीपुर एयरफोर्स ने 21-21 हजार रुपये, सोनू बोकन, राकेश आंतरी, शिवकुमार चावड़ा, रामकृपाल भरगड़, रोहताश भरगड़, अशोक ताजीपुर, बस्तीराम, सतवीर सरपंच, हवासिंह, दाताराम नंबरदार, रामनरेश भरगड़, ख्यालीराम, ओमप्रकाश बटार ने 11-11 हजार रुपये ने सहयोग राशि की घोषणा की। जिनमें से अधिकतर साथियों ने चेक व ऑनलाइन पेमेंट कर दी है।



### गहली में युवाओं को दिलाई नशा न करने की शपथ

**नारनौल।** गांव गहली में एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी धर्मसिंह के नेतृत्व व चौकी इंचार्ज एएसआई संजय कुमार की अध्यक्षता में युवाओं को नशे से दूर रहने के लिए जागरूक करने हेतु एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एएसआई संजय कुमार ने ग्रामीणों व युवाओं से कहा कि आज देश का युवा नशे की दलदल में फंस रहा है। नशे के कारण परिवार खत्म हो रहे हैं। युवा इस लत के कारण आत्म हत्या कर रहे है, क्राइम बढ़ रहे हैं। इसलिए लोग इस बुराई से स्वयं बचें व दूसरों को बचाएं। उन्होंने कहा कि युवाओं को एनएसएस, एनसीसी, रेडक्रॉस, खेलों, सामाजिक गतिविधियों से जुड़कर राष्ट्र निर्माण में सहयोग करना चाहिए। धर्मसिंह ने सभी को जीवन में नशा न करने के लिए शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि पुलिस अधिक्षक के आदेशानुसार जिले में 26 तक मादक पदाथार्रें के दुरुपयोग, अवैध तस्करी तथा नशा करने वालों के खिलाफ नशा मुक्त भारत पखवाड़ा मनाया जा रहा है।



### धरना 194वें दिन भी रहा जारी

**मंडी अटेली।** अटेली मण्डी अंडरपास निर्माण संघर्ष समिति का धरना सोमवार को 194वें दिन धरने की अध्यक्षता महावीर प्रसाद कौशिक सरपंच प्रतिनिधि थोबड़ा, संचालन संघर्ष समिति महीपाल सिंह खरब व महावीर प्रसाद चंदपुरा ने किया। संघर्ष समिति संचालक डॉ राजेन्द्र प्रसाद खरब ने बताया कि संघर्ष समिति की विस्तारित मीटिंग हुई। जिसमें ग्रामीणों ने एलसी 30 अटेली मण्डी अंडरपास के बन्द पड़े काम पर चिंता की तथा आगामी बारिश के मौसम में आवागमन की चिन्ताओं पर विचार किया। संघर्ष समिति संचालक डॉ राजेन्द्र प्रसाद खरब ने उत्तर पश्चिम रेलवे जयपुर के डीआरएम कार्यालय के अधिकारियों से बन्द पड़े अंडरपास कार्य को शुरू कर पूरा करवाने की मांग की तथा रेलवे अधिकारियों से अंडरपास के उत्तर दिशा में स्लोप कार्य को ठीक कर व्यक्लिपक रास्ता की मांग की, जिससे पक्का निर्माण कार्य पूरा होने तक लोगों को कोई परेशानी ना हों। इस मीटिंग में सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि 19 जून को जिला उपायुक्त को नारनौल लघु सचिवालय में ज्ञापन सौंपा जाएगा। इस मौके पर महावीर प्रसाद चंदपुरा, श्रीराम सरपंच प्रतिनिधि चंदपुरा, सामाजिक कार्यकर्ता मास्टर सुबे सिंह, प्रकाश खरब, हनुमान शर्मा, रोहतास रिटायर्ड गिरदावर, बिजेंद्र चेयरमैन सहित अनेक लोग उपस्थित थे।



### निर्जला एकादशी पर भंडारा व छबील लगाई

**कनीना।** निर्जला एकादशी पर्व के उपलक्ष्य में सोमवार को धनौंदा की प्याऊ गौशाला के समीप भंडारे का आयोजन किया गया। जहां सुबह हवन के बाद श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। पूर्व डीएसपी बनवारी लाल ने बताया कि यहां पर प्रतिवर्ष भंडारे का आयोजन किया जाता है। इसके अलावा समाजसेवियों ने कनीना मंडी में छबील लगाकर यात्रियों को ठंडा-मीठा जल पिलाया। इसी प्रकार महेंद्रगढ़ सड़क मार्ग पर गुप्ता फीड मील के पास छबील लगाकर यात्रियों को शरबत पिलाई। भाविप की ओर से कनीना मंडी में नहर रोड पर छबील लगाई। इस मौके पर कंवर सैन वशिष्ठ, राजेश सिंह, पूर्व पार्षद मोहन सिंह, जोगेंद्र सिंह, नरेंद्र यादव, धनपत सिंह, सुरेश शर्मा, महेश कुमार, राजकुमार, सतबीर सिंह, रमेश सिंधवाणी आदि मौजूद थे।

### लोन दिलाने का झांसा देकर 14 हजार की राशि हड़पी

**नारनौल।** व्यक्ति के पास लोन दिलाने संबंधित अज्ञात कॉल आई। व्यक्ति उसके झांसे में आ गया और एक के बाद एक करके 14 हजार 680 रुपये की राशि भेज दी। फिलहाल पुलिस ने आईपीसी की धारा 406,420 के तहत केस दर्ज कर लिया है। गांव ताजीपुर वासी देवेंद्र कुमार ने शिकायत में बताया है कि एक जनवरी को नामजद नंबर से कॉल आई थी। उसने बताया कि हम आपका लोन कर देंगे। हमें आपका आधार कार्ड भेज दो। वह भेज दिया। फिर कहा कि सिविल स्कोर खराब है। इसे ठीक करने के लिए कुछ पैसे भेजने पड़ेंगे। उन्होंने अपने बैंक खाता के नंबर भेजे और कहा कि इस खाता पर पैसे भेजो। जिस पर 500 व 2000 रुपये करके भेजे। फिर उन्होंने दोबारा कहा कि कुछ पैसे ओर भेजने होंगे। अपने फोन-पे नंबर भेजे। जिस पर 2000, 2454 व 7726 रुपये भेजे। बाद में उनका फोन स्वीच ऑफ आने लगा। उसके बाद महसूस हुआ कि फ्रॉड हो गया है। इस तरह शातिर अपराधी ने 14 हजार 680 रुपये का फ्रॉड किया है।

# सिहमा में बोरवेल की मोटर खराब होने से ग्रामीण 5 दिन से पेयजल के लिए परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मंडी अटेली

खंड सिहमा में बने अनुसूचित जाति के बोरवेल खराब होने से ग्रामीण पिछले पांच दिन से पेयजल के लिए परेशानी उठा रहे हैं। ग्रामीणों के अनुसार पेयजल आपूर्ति के लिए बनाए गए बोरवेल की मोटर में आए दिन खराबी रहती है। इस कारण लंबे समय से लोग परेशान हैं। ग्रामीण तेजराम, हरिसिंह, पूर्व पंच नोरंग लाल, देवेंद्र ,सुरेंद्र, विकास, रितिक कुमार, अजय कुमार व नीरज कुमार बताया कि गांव में पेयजल आपूर्ति के लिए बनाए गए इस अनुसूचित जाति के बोरवेल से सैकड़ों घरों में पीने के पानी की सप्लाई की जाती है। कभी केबल में फाल्ट, मोटर खराब होने अथवा अन्य कारणों से आए दिन पेयजल आपूर्ति बाधित रहती है। पिछले पांच दिनों से खराबी आई हुई है लेकिन इसे ठीक नहीं करवाया जा रहा है। इस भीषण गर्मी में ग्रामीण पेयजल के लिए दूर-दराज के क्षेत्रों से पानी लाना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने जल्द से जल्द समस्या के समाधान की मांग की है।



मंडी अटेली। सिहमा में बने अनुसूचित जाति कि खराब बोरवैल को दिखाता ग्रामीण। फोटो : हरिभूमि

### क्या कहते है एसडीओ

जन स्वास्थ्य विभाग के एसडीओ अशोक डागर ने बताया कि सिहमा में अनुसूचित जाति के बोरवेल खराब होने से पेयजल समस्या का मामला उनके संज्ञान में है। गर्मी ज्यादा होने के कारण केबल जल गई है। जेई को अवगत करवा दिया है। जल्द ही नई केबल लगवाकर मोटर चालू करवा दी जाएगी।

### राव ओमप्रकाश इंजीनियर के कृषि फार्म पर विचार गोष्ठी का आयोजन

# नशे को रोकने में कानून से ज्यादा समाज में फैलाएं जागरूकता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मंडी अटेली।

नारनौल-रेवाड़ी मार्ग पर बौचडिया मोड़ पर राव ओमप्रकाश इंजीनियर के कृषि फार्म पर नशे के रोकथाम व लड़का-लड़कियों के घर से भाग कर विवाह करने के दुष्परिणामों को लेकर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। विचार गोष्ठी में सिंचाई राज्यमंत्री डॉ. अभय सिंह यादव सहित अटेली क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने इन पर अंकुश लगाने के लिए अपने-अपने विचार रखे। उपस्थित लोगों ने राज्यमंत्री के समक्ष क्षेत्र में दीर्घकालीन पानी का प्रबंधन करने की मांग की। इस दौरान राज्यमंत्री ने कहा कि मंत्री काल के हिसाब से कम समय मिला है। फिर भी क्षेत्र के लिए योजना बनाई जाएगी।



मंडी अटेली। नशे के रोकथाम पर विचार गोष्ठी में विशेष रूप से मौजूद राज्यमंत्री अभय सिंह यादव। फोटो : हरिभूमि

राव ओमप्रकाश इंजीनियर ने मंत्री डॉ अभय सिंह यादव व अन्य गणमान्य लोगों का मालाओं से स्वागत अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर सिंचाई राज्यमंत्री राव अभय सिंह यादव ने कहा कि नशे के खिलाफ कानून बनाने से ज्यादा समाज के लोगों को इसमें अपनी भागीदारी देकर गांव, मोहल्ला आदि बेचने व इसका प्रयोग करने वालों के खिलाफ अभियान चला कर पुलिस व प्रशासन को अवगत करना है। राज्यमंत्री ने चिंता जाहिर करते हुए कहा कि समाज में बढ़ता नशा आने वाली पीढ़ियों के लिए भयंकर खतरे के संकेत है। सरकारों ने सामाजिक बुराईयों के खिलाफ अनेक कानून बनाए हुए है। समाज के आम व खास लोगों के आगे आकर ऐसे कृत्य व मामलों में संलिप्त पाये जाने वाले वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करनी होगी। नशे में शामिल पाये जाने वाले युवा, व्यक्तियों पर पंचायत स्तर पर कठोर कदम उठाकर उन पर सामाजिक दबाव बनाने के साथ कानून का सहारा ले। विचार गोष्ठी में लड़का-लड़कियों के अपनी मर्जी से घर से फरार होकर विवाह आदि करने पर चर्चा की गई।

विचार गोष्ठी में कहा गया कि परिपक्व उम्र में प्रेम विवाह करना तो कोई बुरा नहीं है लेकिन कम उम्र के युवा आकर्षण में प्रेम विवाह परिवार की मर्जी के खिलाफ कर लेते है। जब बाद में उन जोड़े के रोजी रोटी कमाने का समय आता है तो उनमें टूटने की स्थिति बन जाती है।



### जिला जेल मंदिर पर जन कल्याण हवन का आयोजन, भंडारा भी लगा

**नारनौल।** हर महीने की शुक्ल पक्ष की एकादशी को होने वाले 26वें जन कल्याण हवन का आयोजन सोमवार ज्येष्ठ माह निर्जला एकादशी को किया गया। इस जनकल्याण हवन में यजमान जिला जेल सुपरिटेंडेंट संजय बांगड़ रहे। वहीं कप्तान जगराम आर्य, विनोद आर्य व आचार्य राजेन्द्र शास्त्री, डिप्टी सुपरिटेंडेंट सरवर सिंह सहित जिला जेल स्टाफ ने आहुतियां डाली। जिला जेल सुपरिटेंडेंट ने सभी जेलों के सुख, शांति व समृद्धि की कामना की। महेश भारद्वाज ने बताया कि यह जन कल्याण हवन पूरे भारत वर्ष की सभी जेल स्टाफ की सुख शांति की कामना के लिए किया गया।

## खबर संक्षेप



महेंद्रगढ़। चालक व परिचालक का फूलमालाओं से स्वागत करते हुए।

### बवानिया-कुंड ग्रामीण रूट पर नई बस सेवा शुरू

**महेंद्रगढ़।** नारनौल डिपो ने रेवाड़ी के लिए सुबह नौ बजे बवानिया-कुंड ग्रामीण रूट पर एक नई बस सेवा शुरू की हैं। बस के शुरू होने पर सोमवार को गांव बवानिया में विभिन्न ग्राम पंचायत व सामाजिक संगठनों ने चालक धर्मपाल व परिचालक सुरेश कुमार का फूल माला पहनाकर स्वागत किया।



मंडी अटेली। सलीमपुर में वाटर कूलर का उद्घाटन करती सरपंच आरती यादव व ग्रामीण। फोटो : हरिभूमि

### सलीमपुर एससी बस्ती में वाटर कूलर लगाया

**मंडी अटेली।** गांव सलीमपुर में सरपंच आरती यादव की ओर से एससी बस्ती में वाटर कूलर लगाकर ठंडा पानी की सुविधा की है। इस मौके पर सरपंच आरती यादव ने बताया कि गर्मी के मौसम को देखकर वह निर्जला ग्यारस के अवसर पर एससी बस्ती के लिए उन्होंने अपने निजी कोष से बस्ती के लिए ठंडे पानी पीने के लिए वाटर कूलर लगाया गया।

### बढ़ रहे अपराध को लेकर डीजीपी को भेजा पत्र

**नारनौल।** हरियाणा प्रदेश व्यापार मण्डल के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष एवं नगर परिषद के पूर्व अध्यक्ष किशन चौधरी एडवोकेट ने शहर में बढ़ रही चेन स्नेचिंग वारदात पर गहरी चिंता व्यक्त की हैं। उन्होंने हरियाणा पुलिस महानिदेशक को भी पत्र भेजा है। इस पत्र के माध्यम से किशन चौधरी ने बताया है कि पिछले कुछ दिनों में नारनौल शहर में छिना झपटी संबंधित अनेक घटनाएं घटित हुई हैं।


# अटल भूजल में एक साल पहले 23 कार्य मंजूर हुए, एक तिहाई से भी अधिक आज तक नहीं हो पाए शुरू

- छोटे कार्यों में अधिकारी रूचि कम दिखा रहे, गांवों में गिर रहा भूजल स्तर


हरिभूमि न्यूज महेंद्रगढ़

अटल भूजल योजना के अंतर्गत महेंद्रगढ़ ब्लॉक में एक वर्ष पहले भूजल रीचार्ज के 23 महत्वपूर्ण कार्य मंजूर हुए थे। अप्रैल 2023 में इनकी मंजूरी मिल गई थी। एक वर्ष से भी अधिक का समय बीत जाने के बाद भी इनमें से एक तिहाई से भी अधिक कार्य आज तक चालू ही नहीं हो पाए हैं। एक वर्ष पहले अटल भूजल योजना के अंतर्गत 4.3 करोड़ रुपये के 23 कार्य मंजूर हुए थे। लगभग एक वर्ष बाद भी जब ये कार्य शुरू नहीं हुए तो गांवों के सरपंचों ने इस मामले पर आवाज उठाई। लोकसभा चुनाव से पहले विभिन्न समाचार पत्रों में ये मामला उठा तो सिंचाई विभाग के अधिकारी कुछ हरकत में आए तो कुछ कार्य शुरू भी हुए, पर इनमें से एक तिहाई से भी अधिक कार्य आज तक भी शुरू नहीं हो पाए हैं। जहां एक तरफ अभी बरसात का मौसम आने वाला वहीं दूसरी तरफ इन कार्यों के शुरू ना होने से आधा दर्जन से भी अधिक गांवों को भूजल रीचार्ज का लाभ नहीं मिल सकेगा यहां गौर करने वाली बात ये भी है कि सिंचाई मंत्री भी इसी जिले से आते हैं, तो ये सवाल उठता है कि क्या अधिकारी अपनी मनमानी कर रहे हैं या मामला कुछ और ही है।

देखा जाए तो जहां एक तरफ विभाग बड़े-बड़े प्रोजेक्ट पर सक्रिय दिखता है। वहीं दूसरी तरफ इन कम लागत, लेकिन ज्यादा लाभ वाले प्रोजेक्ट्स को मंजूरी के बाद भी ठंडे बस्ते में डाला जा रहा है। बहुत से सरपंचों ने अब कहना भी शुरू कर दिया है कि सिंचाई विभाग के अधिकारी फील्ड में ना के बराबर ही दिखते हैं और टूटी हुई पाइप लाइनों को मरम्मत करवाने की बजाय सरपंचों को डराने के लिए उनके नाम पर ही पत्र लिखकर पल्ला झाड़ लेते हैं।



सरपंच ग्राम पंचायत बुडीन



सरपंच ग्राम पंचायत बवानिया

महेंद्रगढ़। कार्य शुरू न होने को लेकर गांव बुडीन के सरपंच ने लिखा सांसद धर्मबीर सिंह को पत्र व कार्य शुरू न होने को लेकर बवानिया के सरपंच ने लिखा सांसद धर्मबीर सिंह को पत्र। फोटो :हरिभूमि

### इन पर नहीं हुआ काम शुरू

- गांव गड़ानिया में जोहड़ को बड़ा करके नहर से जोड़ना, लागत 12 लाख रुपये
- गांव बुडीन में दो नए जोहड़ खोदकर निम्बहेड़ा प्रेशराइजड पाइप लाइन, लागत 35 लाख
- गांव बवानिया में नया जोहड़ खोदकर रामबास नहर से जोड़ना, लागत 17 लाख
- गांव पायगा में जाटवास नहर से जोहड़ जोड़ना, लागत 24 लाख
- गांव झूक में पहले से खुदे हुए तीन जोहड़ों को महेंद्रगढ़ बड़ी नहर से जोड़ना, लागत सात लाख
- गांव भगड़ाना में सिसोठ डिस्ट्रीब्यूटरी से जोहड़ जोड़ना, लागत 22 लाख
- गांव निहालावास में जोहड़ जोड़ना, लागत सात लाख
- गांव मालड़ा बास में बाबा हांडु जोहड़ को लावन डिस्ट्रीब्यूटरी से जोड़ना, लागत 12 लाख
- गांव नीची भांडोर में जोहड़ जोड़ना, लागत 22 लाख
- गांव धोली में धोली माइनर से बड़े जोहड़ को जोड़ना, लागत छह लाख

11. गांव बसई में नौताना माइनर से जोहड़ जोड़ना

### धरातल पर रिपोर्ट चेक की जाएगी

*इस प्रकार की शिकायत मिल रही है। धरातल पर रिपोर्ट चेक की जाएगी तथा इस बारे में उच्चाधिकारियों से बात की जाएगी। असक्षम अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई के लिए लिखा जाएगा। केंद्र की योजनाओं में इस प्रकार की लीपापोती नहीं चलेगी।*

# नपा हाउस की बैठक कल, सड़कों सहित 21 प्रस्तावों पर होगी चर्चा

*बैठक 19 जून को नगर पालिका कार्यालय में आयोजित की जाएगी, जिसमें शहर के विकास के लिए 21 प्रस्ताव लाए जाएंगे। 15 पार्षदों की तरफ से शहर के विकास के लिए हर संभव कार्यों का दावा भी किया गया*

हरिभूमि न्यूज महेंद्रगढ़

नगर पालिका हाउस की बैठक 19 जून को नगर पालिका कार्यालय में आयोजित की जाएगी, जिसमें शहर के विकास के लिए 21 प्रस्ताव लाए जाएंगे। बैठक में सड़क, नाली निर्माण, सड़कों का पैचवर्क, प्रकाश व अन्य मूलभूत सुविधाओं तथा विकास कार्यों के लिए प्रस्ताव रखे जाएंगे। जानकारी के मुताबिक बैठक 19 जून को सुबह 10:15 बजे नगर पालिका कार्यालय में आयोजित की जाएगी।

बैठक के लिए नपा सचिव व प्रधान की तरफ से सभी शहर के पार्षदों व सांसद चौधरी धर्मबीर सिंह व विधायक राव दान सिंह को पत्र भेजा गया हैं। इसके अलावा पालिका अभियंता की तरफ से जारी पत्र में सभी पार्षदों को अपने-अपने वार्डों का पेचवर्क व नाली आदि की रिपेयर करवाने को लेकर रिपोट सौंपने का आग्रह किया गया।

बता दें कि 19 जून 2022 को महेंद्रगढ़ नगर पालिका के 15 वार्ड पार्षद व प्रधान पद के लिए चुनाव संपन्न हुआ था। इसके बाद 14 जुलाई 2022 को जब शपथ ग्रहण कर शहर की सरकार पूरी हुई तो लोगों को भी शहर में विकास कार्यों की उम्मीद जगी थी, दो साल बीतने के बावजूद भी शहर में अभी तक कोई विकास कार्य देखने को नहीं मिले हैं।

इससे शहर भी लगातार विकास के मामले में पिछड़ता जा रहा है। शहर की अधिकतर सड़कें जर्जर हालत में हैं। इन सड़कों पर पैचवर्क तक नहीं कराया जा रहा। नपा प्रधान रमेश सैनी की अगुवाई में शहर के सभी 15 पार्षदों की तरफ से शहर के विकास के लिए हर संभव कार्यों का दावा भी किया जा रहा है, लेकिन अभी तक शहर के विकास कार्यों पर ब्रेक लगा हुआ हैं। शहर में कोई विकास कार्य की शुरुआत नहीं होने से शहर के लोगों में भी रोष है। अब उम्मीद जगी है कि शहर में विकास कार्य रफ्तार पकड़ेगे।



महेंद्रगढ़। नगर पालिका का मुख्यद्वार। फोटो : हरिभूमि

### बैठक में इन सड़कों पर होगी चर्चा

- राव बहादूर सिंह की कोठी से सब्जी मंडी के पास ख्याली राम धर्मशाला तक सड़क निर्माण
- वाल्मीकि मंदिर से लेकर 11 हट्टा बाजार तक सड़क निर्माण।
- सांई मंदिर से पुराना महिला कॉलेज तक सड़क निर्माण कार्य।
- प्रजापत चौपाल से डुलाना रोड सीवरेज प्वाइंट तक सड़क निर्माणकार्य।
- भाई रामसिंह की कोटी से मोदाश्रम मंदिर तक सड़क निर्माण कार्य।
- भाई रामसिंह की कोठी से मौहल्ला सराय होते हुए नारनौल रोड तक का सड़क।
- बालाजी चौक से शॉपिंग कॉम्पलैक्स प्याऊ तक सड़क निर्माण।
- शेरावाली मंदिर से बगीची तक सड़क निर्माण कार्य।
- मौहल्ला सैनीपुरा में अधूरे पड़े कम्यूनिटी सैंटर का पूरा करवाने का कार्य।
- रेलवे रोड पर स्थित सरकारी अस्पताल के सामने टूटी सड़क का निर्माण।
- वाल्मीकि मंदिर से विजय पार्षद मकान तक का सड़क निर्माण।
- बीरू कबाड़ी के गोदाम से लेकर मोदाश्रम तक सड़क निर्माण कार्य।

### इन प्रस्तावों पर भी होगी चर्चा

- नगर पालिका कार्यालय में उपलब्ध स्ट्रीट लाइटों को सभी वाड़ों में लगवाने के बारे में विचार करना
- मोदाश्रम मंदिर के पास टूरिस्ट कॉम्पलैक्स बनाने बारे में विचार
- ऑटो मार्केट के पास खाड़ी नगर पालिका की भूमि पर नया कॉम्पलैक्स बनाने बारे विचार।
- माजरा फाटक से माजरा चुंगी तक डिवाइडर का सौंदर्यकरण करने बारे विचार।
- शहर के सभी मुख्य चौराहों पर सौंदर्यकरण करने बारे विचार।
- नगर पालिका कार्यालय में टीन शैड व महिला-पुरूष शौचालय बनाने के बारे में विचार।
- लंबित पड़ी बिलों की अदायगी करने बारे।



नारनौल। ठंडा-मीठा पानी वितरित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

## आरएसओ ने लगाई ठंडे-मीठे पानी की छबील

हरिभूमि न्यूज नारनौल

जिला प्रशासन महेंद्रगढ़ की मुहिम के अंतर्गत सोमवार को सड़क सुरक्षा संगठन ने निर्जला एकादशी के अवसर पर मीठे-ठंडे पानी की छबील सेठ सोहनलाल गर्ग मेमोरियल चेरिटेबल ट्रस्ट के सहयोग से वरिष्ठ उपप्रधान पुरुषोत्तम गुप्ता के नेतृत्व में लगाई।

इस अवसर पर संगठन के सदस्यों व पदाधिकारियों ने गर्मी के मौसम को देखते हुए राहगीरों को ठंडा-मीठा पानी पिलाया। जिसमें डा. एसपी सिंह रेडक्रॉस का विशेष योगदान रहा। इस मौके पर आरएसओ बद्रीप्रसाद गर्ग मुख्य रूप से मौजूद रहे। इस दौरान संगठन की मासिक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें राजेश यादव ने कहा कि संगठन की मासिक बैठक का आयोजन प्रतिमाह अवश्य होना चाहिए। सभी सदस्यों को बैठक में अवश्य शामिल होना चाहिए। बैठक में निर्णय लिया गया कि जिला प्रशासन के सामाजिक कायार्ं तथा सरकार की योजनाओं में संगठन का सहयोग आवश्यक है। शहर में अतिक्रमण को कम करने में सहयोग किया जाए। योग दिवस पर सभी संगठन सदस्यों को बढ़-चढ़कर भाग लेना है। ट्रैफिक को सुचारू रूप से चलाने व लोगों को नशा मुक्ति के लिए जागरूक करने में संगठन अपनी अहम भूमिका निभाए। इस मौके पर राजेश यादव, प्रवक्ता धर्मसिंह, बद्रीप्रसाद गर्ग, सुरजीत अरोड़ा, उपप्रधान शफी मोहम्मद, शिवकुमार मित्तल, विनय गोयल, सुरेश चौधरी, वीरसिंह यादव, जितेंद्र कंछल, कृष्ण कंछल, भारत भूषण, सुरेश छक्कड़, बुधराम, सोमदेव, विजय संघी, दीपांशु, कृष्ण, राजू शर्मा, जग्गा यादव, उमेश यादव, आकाश शर्मा, संदीप शर्मा आदि मौजूद थे।

## खेल नर्सरी के लिए लिया ट्रायल

हरिभूमि न्यूज नारनौल

प्रदेश सरकार के खेल विभाग की ओर से आवंटित की गई ताइक्वांडो खेल नर्सरी के लिए नांगल चौधरी रोड स्थित हरियाणा पब्लिक स्कूल में सोमवार को ताइक्वांडो खिलाड़ियों का ट्रायल लिया गया। इसमें विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस ट्रायल में ताइक्वांडो के आठ से 14 व 15 से 19 आयु वर्ग के खिलाड़ियों ने भाग लिया।

विद्यालय के डीपीई मनोज पूनिया व कोच नीतू सोनी तथा कोच रिंकू ने खिलाड़ियों से विभिन्न गतिविधियां एसबी जंप, एसवी जंप, 30 मीटर दौड़, फारवर्ड बैंड एंड रीच, 6 गुना 10 शटल दौड़ करवाकर ट्रायल लिया व इन्हीं गतिविधियों के आधार पर खिलाड़ियों का चयन किया। विद्यालय के डीन मनोज भारद्वाज व प्राचार्य सुनील यादव ने चयनित खिलाड़ियों को बधाई थी व बताया कि चयनित खिलाड़ियों को विद्यालय में विधिवत रूप से ट्रेनिंग दी जाएगी व खिलाड़ियों को ताइक्वांडो के गुर सिखाए जाएंगे। चयनित खिलाड़ियों को हरियाणा पब्लिक स्कूल की ताइक्वांडो खेल नर्सरी में वर्ष भर प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा व हरियाणा सरकार की ओर से चयनित खिलाड़ियों को प्रतिमाह 1500 से 2000 रुपये आयु वर्ग के अनुसार छात्रवृत्ति दी जाएगी। विद्यालय के चेयरमैन सुभाष चंद्र वर्मा, डायरेक्टर पुष्करमल वर्मा, एमडी डा. हितेश वर्मा व निधि वर्मा ने चयनित खिलाड़ियों को बधाई दी व उनके मंगलमय जीवन की कामना की।



नारनौल। ट्रायल में भाग लेते बच्चे। फोटो : हरिभूमि

## बकरीद की नमाज अटेली मस्जिद में अता की गई



मंडी अटेली। रेलवे स्टेशन के समीप बकरीद की नमाज अदा करने के बाद एक दूसरे को मुबारकबाद देते हुए।

**मंडी अटेली।** रेलवे स्टेशन के समीप सोमवार को ईद-उल-अजाह बकरीद की नमाज अदा की गई। अटेली मस्जिद के मौलाना शादीर हुसैन इमाम ने बताया कि नमाज अदा करने का समय सुबह आठ बजे निर्धारित किया हुआ था। दुनिया के साथ भारत वर्ष में अमन-चैन व भाई-चारे के साथ सभी की सलामती के लिए दुआएं मांगी गई। क्षेत्र की अटेली कस्बें में एक मात्र मस्जिद होने के कारण आस-पास के गांवों के लोग यहां आकर नमाज अदा करते है। बकरीद की नमाज के घरों में कुर्बानी दी गई तथा मौलवी ने प्रेम का संदेश दिया। नमाज अदा करने के बाद एक दूसरे ने गले मिल कर ईद की नमाज की मुबारक बाद दी गई। नमाज अदा के लिए खूंदरोठ, भोजवास, पड़तल, कांटी, खेड़ी, कुंजपुरा, बौचडिया, दौंगड़ा सहित अनेक गांवों से मुस्लिम धर्मावंलबियों ने नमाज अदा कर अमन-चैन का संदेश दिया।

## बीआर स्कूल सेहलंग में मनाया फादर्स-डे

हरिभूमि न्यूज महेंद्रगढ़

बीआर स्कूल सेहलंग में ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान फादर्स-डे को विशेष तरीके से मनाया गया। ग्रीष्मकालीन अवकाश के चलते भले ही छात्र अपने घरों में थे, फिर भी उन्होंने अपने पिता के साथ बिताए खास पलों को यादगार बनाने के लिए स्कूल की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम में हिस्सा लिया। स्कूल प्रशासन ने सभी छात्रों को 15 जून तक अपने पिता के साथ एक सुंदर फोटो भेजने का अनुरोध किया था।

छात्रों ने इस अपील का उत्साहपूर्वक पालन किया और अनेक मनमोहक तस्वीरें भेजीं। इन तस्वीरों को स्कूल ने एक शानदार वीडियो में संकलित किया, जिसे फादर्स-डे के अवसर पर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स और स्कूल की वेबसाइट पर साझा किया गया।

इस वीडियो में छात्रों और उनके पिताओं के बीच के स्नेह व प्यार को खूबसूरती से दर्शाया गया। इस कार्यक्रम के माध्यम से स्कूल ने न केवल बच्चों और उनके पिताओं के बीच के बंधन को मजबूत किया, बल्कि जीवन में परिवार के महत्व को भी उजागर किया। प्रधानाचार्य डा. राममोहन वशिष्ठ ने बताया कि फादर्स-डे मनाने का उद्देश्य आधुनिक समय में जहां रिश्ते तकनीकी की भेंट चढ़ रहे हैं, छात्रों और उनके परिवारों को करीब लाना है। यह पहल विद्यार्थियों के जीवन में उनके पिताओं की महत्वपूर्ण भूमिका को सम्मानित करने का एक प्रयास है। चेयरमैन हरीश भारद्वाज के अनुसार ऐसे कार्यक्रम के माध्यम से हम विद्यार्थियों को यह समझाने का प्रयास करते हैं कि प्रेम और संबंधों को मनाने के लिए दूरी कभी कोई बाधा नहीं बन सकती।



महेंद्रगढ़। विद्यार्थियों द्वारा भेजी गई तस्वीर। फोटो : हरिभूमि

## खुदा करें आपकी जिंदगी में बार-बार ईद आए: मोहम्मद



नारनौल। ईद पर जामा मजिस्द में पुलिस को सम्मानित करते शाही इमाम मोहम्मद हनीफ फैजी गौरवाल। फोटो : हरिभूमि

**नारनौल।** मोहल्ला शिवाजी नगर स्थित जामा मस्जिद के शाही ईमाम एवं तंजीम आइमा ओकाफ हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष मोहम्मद हनीफ फैजी गौरवाल ने सोमवार को ईद की नमाज प्रातः 8:30 बजे अदा करवाई। ईद की खुशी पर उन्होंने बयान फरमाया कि ईद की सच्ची खुशी उस वक्त हासिल हो सकती है, जब हमारा खालिक हमसे राजी हो। उन्होंने कहा कि उसकी रजा हासिल करने का एक तरीका यह भी है कि उसकी मखलूक के साथ रहम का मामला किया जाए। आइए हम उन लोगों को माफ कर दें, जिनसे हमें कोई तकलीफ पहुंची है और उनसे माफी मांग लें, जिनको हमसे किसी किस्म की शिकायत है। ताकिअल्लाहताला हमसे खुश हो जाए और हमारी बेशुमार गलतियों को माफ कर दे। मोहम्मद हनीफ फैजी गौरवाल ने कहा कि देशभर में बकरीद का पर्व धूमधाम से मनाया जा रहा है। इसे ईद-उल-अजहा के नाम से जानते हैं। इस दिन को त्याग और कुर्बानी के तौर पर याद किया जाता है। इस्लामी कैलेंडर के अनुसार हर साल आखिरी माह जिल-हि'जा की 10वीं तारीख को बकरीद का पर्व मनाया जाता है। ये पर्व पैगंबर हजरत इब्राहिम से ही कुर्बानी देने की प्रथा शुरू हुई थी। इस दिन सूयार्ेदय के बाद नमाज़ अदा करने के बाद कुर्बानी दी जाती है। माना जाता है कि एक दिन हजरत इब्राहीम से ख्वाब में अल्लाह ने उनकी सबसे प्यारी चीज को अल्लाह की राह में कुर्बान करने को कहा। हजरत इब्राहिम ने अपने ख्वाब को सच माना और अल्लाह की राह में अपनी सबसे अजीज चीज अपने बेटे को अपने रब की रजा के लिए कुर्बान करने की ठान ली। इस्लामिक कैलेंडर के मुताबिक, इस साल भारत में ईद उल-अजहा यानी बकरीद का त्योहार 17 जून सोमवार के दिन मनाया गया है।

## पुलिस ने अभियान चलाकर 320 से अधिक वाहनों के किए चालान

हरिभूमि न्यूज नारनौल

जिले में सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने व आम नागरिकों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए लेन ड्राइविंग (बाईं लेन) में चलने के नियमों की उंल्लघना करने वाले वाहनों के चालान किए। पुलिस अधीक्षक अर्श वर्मा के दिशा निर्देशों में डीएसपी मोहिंद्र सिंह के नेतृत्व में यातायात नियमों की पालना करवाने हेतु पुलिस की ओर से गलत लेन में चलने वाले करीब 246 वाहन चालकों के चालान किए गए। इसके अलावा अन्य यातायात नियमों की उल्लंघना करने वाले करीब 100 वाहन चालकों के भी चालान किए गए। पुलिस अधीक्षक ने प्रबंधक थाना यातायात सहित सभी थाना प्रबंधकों को निर्देश दिए गए थे कि मोटर वाहन अधिनियम के अंतर्गत सुनिश्चित करेंगे कि प्रत्येक भारी वाहन व गति प्रतिबंधित वाहन अपनी निर्धारित गति सीमा में बाईं लेन में चलें। जिससे सड़क सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके और ओवरटेक करते समय किसी भी वाहन चालक को कठिनाई का सामना ना करना पड़े तथा सड़क हादसों से बचा जा सकें। यदि कोई भी वाहन चालक मोटर वाहन अधिनियम के अंतर्गत निर्धारित गति सीमा व बाईं लेन में न चलकर नियम की उल्लघंना करता है, तो उसका चालान किया जाए। यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

पुलिस अधीक्षक अर्श वर्मा ने वाहन चालकों से अपील करते हुए कहा कि सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने व वाहनों के सुचारू रूप से आवागमन हेतू यह अनिवार्य है कि हम मोटर वाहन अधिनियम के अंतर्गत निर्धारित गति सीमा व बाईं लेन में चले, रॉन्ग साइड में वाहन न चलाएं, तेज गति से वाहन न चलाएं। जिससे सड़क हादसों में कमी लाई जा सकें। ट्रक या टैंपो चालक किसी भी होटल या ढाबे के आगे वाहनों को सड़क पर खड़ा ना करें। अगर किसी वाहन मे तकनीकी खराबी हो जाती है तो उक्त वाहन को सड़क किनारे से दूर खड़ा करें और उसकी लाइट जलाएं।



नारनौल। डम्फर का चालान करती ट्रैफिक पुलिस।

## गुजरवास में 21 दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर के 17वें दिन अनेक प्रकार के योग करवाएं



मंडी अटेली। गुजरवास में योग प्रशिक्षण शिविर के 17वें दिन योग करते हुए।

**मंडी अटेली।** गांव गुजरवास में श्रीराम सेवा ट्रस्ट गुजरवास के सौजन्य से बाबा भैया मंदिर परिसर स्थित हनुमान अखाड़ा में 21 दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर लगाया जा रहा है। शिविर में यौगिक जॉगिंग, सुक्ष्म व्यायाम,विभिन्न आसन, प्राणायाम व शरीर शोधन की क्रियाएं सिखाई जा रही हैं। एक जून से जारी इस शिविर का शुभारंभ ग्राम पंचायत गुजरवास की सरपंच वर्षा रानी ने किया। सुबह साढे.चार बजे से छह बजे तक योगाभ्यास व सुबह सात बजे फलाहार नाश्ता दिया जाता है। 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर यज्ञ-हवन व प्रसाद के साथ शिविर समापन होगा। सभी योग साधकों को योग किट दिए जाएंगे। शिविर के सत्रहवें दिन योगीराज ओमप्रकाश आर्य ने योग साधकों को जलनेति,सूत्र नेति, न्योली संचालन व त्राटक के साथ विभिन्न आसन, मुद्रा व प्राणायाम का अभ्यास करवाया। शिविर संयोजक ओपी चौहान ने बताया कि आज उचित खान-पान व रहन सहन के अभाव व भागदौड़ भरी जिन्दगी में मनुष्य तनावग्रस्त है। इस कारण मोटापा, अनिद्रा, उच्च रक्तचाप, मधुमेह, एलर्जी, कैंसर जैसी जानलेवा बीमारियां बढ़ रही है। इन सबसे बचने का सरल व सस्ता योगाभ्यास ही एक उपाय है। इस बदलती जीवन शैली, घटते शारीरिक श्रम व बदलते खान-पान की वजह से स्वास्थ्य समस्याएं बढ़ रही हैं।

**ब अदालत श्री प्रवीण शर्मा, सहायक कलेक्टर, प्रथम श्रेणी एवं नायब तहसीलदार महेन्द्रगढ़।**

**मुकदमा नम्बर 372 RNT**
**तारीख रजुआ 09.03.2015**

1-महाबीर सिंह पुत्र नौबत सिंह 2-महेन्द्र सिंह पुत्र हरी सिंह 3-बिशन सिंह पुत्र जयनारायण कौम राजपूत वासी बसई तह० व जिला महेन्द्रगढ़। ......**मसूलान**

**बनाम**

कुलदीप सिंह वगैरा निवासी ग्राम बसई तह. व जिला महेन्द्रगढ़। .... **मसूलान**

**दरखास्त तकसीम**

उपरोक्त विज्ञापन के माध्यम से मसूलान नं. 1-कुलदीप सिंह पुत्र पृथ्वी सिंह पुत्र मंगला 2-रतीराम पुत्र मुसदी पुत्र कालिया 3-रणजीत पुत्र मुसदी पुत्र कालिया 4-हनुमान 5-राजेश 6-कंवर सिंह पुत्रान गणपत सिंह पुत्र मुसदी 7-हुक्मसिंह 8-कृष्ण पुत्रान बीरबल सिंह पुत्र कान्हा 9-अर्जुन सिंह 10-दलीप सिंह 11-धर्मपाल 12-औमपाल पुत्रान रामजीलाल पुत्र कान्हा जाति राजपूत 13-लीलू सिंह 14-संजय सिंह पुत्रान बचन सिंह पुत्र कान्हा 15-अशोक कुमार पुत्र महाबीर पुत्र भगवान सिंह 16 सन्दीप पुत्र रणधीर पुत्र भगवान सिंह 17-शीशराम 18-रामानन्द पुत्रान झब्बु पुत्र बिहारी कौम प्रजापत 19-बहादुर सिंह पुत्र मंगला कौम राजपूत 20-श्रीमति सरिता देवी पत्नी बाबुलाल पुत्र चिरंजीलाल जाति खाती 21-श्रीमति जगवन्ती देवी पत्नी शेर सिंह जाति हरिजन 22-रामपाल 23-विनोद पुत्र मातु सिंह 24-कैलाशबाई पुत्री मातु सिंह 25-गिन्दो देवी विधवा मातु सिंह कौम राजपूत वासी बसई तहसील व जिला महेन्द्रगढ को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त मुकदमा तकसीम में आगामी तारीख पेशी दिनांक 15.07.2024 निश्चित की हुई है। अतः आप उक्त मुकदमा में अपनी पैरवी हेतू असालतन या वकालतन दिनांक 15.07.24 को प्रातः 9:00 बजे पेश होना सुनिश्चित करे। अदालत में हाजिर ना होने की अवस्था में आपके विरूद्व नियमानुसार यकतरफा कार्यवाही अमल में लाई जावेगी।

आज दिनांक 14.06.2024 को हमारे हस्ताक्षर व मोहर अदालत से जारी हुआ।

**हस्ता/- सहायक कलैक्टर, प्रथम श्रेणी एवं नायब तहसीलदार, महेन्द्रगढ़**

खबर संक्षेप

### मजदूरी करने वाले शख्स के खाते से निकले 25 हजार

**नारनौल।** ग्रामीण क्षेत्र में मजदूरी करके पालन पोषण करने वाले एक व्यक्ति के खाता से 25 हजार की राशि निकाल ली गई। पीड़ित की शिकायत पर सदर पुलिस थाना ने आईपीसी की धारा 406,420 के तहत के केस दर्ज किया है। गांव ढाणी मुकुन्दपुरा वासी रूपचंद ने सदर थाना में दी शिकायत में बताया है कि वह मेहनत मजदूरी करता है। उसके एसबीआई बैंक खाता से 25 हजार की राशि साइबर ठग ने निकाल ली है। यह शिकायत पोर्टल पर भी अंकित है।

### कार चालक से मारपीट करने के आरोप में केस

**कनीना।** मोड़ी गांव में गाड़ी चालक से मारपीट व गाड़ी को क्षतिग्रस्त करने के आरोप में पुलिस ने पांच व्यक्तियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। इस बारे में पीड़ित परमवीर वासी मोड़ी ने सदर थाना पुलिस में दी शिकायत में बताया कि वह 14 जून सुबह करीब नौ बजे कार में सवार होकर मोड़ी से भोजावास की ओर जा रहा था। अटाली वाले कुएं के समीप पहुंचा तो बाइक सवार चार व्यक्तियों ने उनका पीछा करना शुरू कर दिया। उनके पास अवैध हथियार भी बताया गया। गाड़ी छीनने के मकसद से उन्होंने देसी कट्टा सिर पर रख दिया। गाड़ी से उतार कर उन्होंने उसके साथ मारपीट की। इस वारदात में फोटी, हेमंत व तीन-चार अन्य नामालुम व्यक्ति शामिल थे। पुलिस ने परमवीर की शिकायत पर अवैध हथियार दिखाकर कर मारपीट करने के आरोप में फोटी, हेमंत व तीन-चार अन्य व्यक्तियों के खिलाफ केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

### रोडवेज में कार्यरत बेवल निवासी लापता

**कनीना।** खंड के गांव बेवल निवासी व हरियाणा रोडवेज डिपो नारनौल में मैकेनिक हेल्पर के पद पर कार्यरत रविंद्र अज्ञात कारण के चलते लापता हो गया। इस बारे में नरसिंह ने दौंगड़ा अहीर पुलिस चौकी में दी शिकायत में बताया कि उसका पुत्र रविंद्र 13 जून को सुबह करीब साढ़े आठ बजे ड्यूटी पर जाने के लिए घर से निकला था, जो वापस लौटकर नहीं आया। उसका मोबाइल फोन बंद आ रहा है। परिजनों ने अपने स्तर पर उसकी खोजबीन की, लेकिन कोई सुराग नहीं लगा।

# महापंचायत को लड़के के पिता ने 3 दिन में शादी खत्म करने का दिया भरोसा

- पुलिस कार्रवाई को वापस लेगा लड़की पक्ष?
- बिगोपुर के ग्रामीणों की धोलेड़ा में एंट्री बंद होने से बनी तनाव की स्थिति
- महापंचायत की मध्यस्था से विवाद की गुत्थी सुलझने के बने आसार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ निजामपुर

धोलेड़ा-बिगोपुर में प्रेम विवाह का मामला अब सुलह की तरफ बढ़ने लगा है। लड़के के पिता ने 31 गांवों की महापंचायत को तीन दिन में शादी को खत्म करने का आश्वासन दिया है। दूसरी ओर लड़की पक्ष को पुलिस में दर्ज कराई गई शिकायत वापस लेनी होगी। साथ ही दोनों गांवों को आपस में भाईचारा बनाए रखने की हिदायत दी है। शादी खत्म की प्रक्रिया को पूरी कराने के लिए एक कमेटी का गठन भी किया गया है।

आपको बता दें कि धोलेड़ा की एक बालिग लड़की ने सीमावर्ती गांव बिगोपुर के एक युवक के साथ 10 जून को प्रेम विवाह किया था। बिगोपुर के साथ भाईचारा होने के कारण धोलेड़ा के ग्रामीणों ने शादी पर आपत्ति जताई थी, तथा आरोपित लड़के के खिलाफ पुलिस में कंप्लेंट कराई गई थी। शादी करने के तीन दिन बाद युवक-युवती पुलिस के समक्ष पेश हुए, जहां दोनों के बयान दर्ज करने के बाद कोर्ट में पेश किया गया। अदालत ने 164 के बयान लेने के बाद दोनों को पुलिस सुरक्षा में सेफ हाउस में भेज दिया। इधर, ग्रामीणों ने शादी को तुड़वाने के लिए पांच गांवों की महापंचायत बुलाई लेकिन युवक व युवती ने किसी भी सूरत में प्रेम विवाह को तोड़ने से इंकार कर दिया। इसके बाद सोमवार 31 गांवों की महापंचायत का आयोजन किया, जिसमें लड़के पक्ष को पंचायत में आमंत्रित किया गया। करीब चार घंटे विचार-विमर्श व समझाइश के बाद युवक के पिता ने तीन दिन में शादी को तुड़वाने का आश्वासन दिया है। कहा कि युवक व युवती को कल कोर्ट में पेश किया जाएगा। इसी दौरान युगल को समझाईश करके शादी तोड़ने के लिए रजामंद किया जाएगा। विभिन्न गांवों के मौजिज लोगों की एक कमेटी का गठन भी किया गया है जो शादी तुड़वाने की प्रक्रिया में सहयोग करेगी। महापंचायत में बिगोपुर गांव के बहिष्कार संबंधी निर्णय पर रोक लगाने का फैसला लिया।


नांगल चौधरी। प्रेम विवाह के विवाद को सुलझाने के लिए बिगोपुर में आयोजित महापंचायत। फोटो : हरिभूमि

### तीन दिन में शादी को तुड़वाकर लड़की को उसके परिजनों को सौंप देंगे

युवक के पिता ने बताया कि महापंचायत के निर्देशानुसार दोनों गांवों में भाईचारा बरकरार रखने का फैसला लिया है। तीन दिन में प्रेम को विवाह को तुड़वाकर लड़की को उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया जाएगा। लेकिन लड़की पक्ष को भी पुलिस में दर्ज शिकायत वापस लेनी होगी। उन्होंने बताया कि मंगलवार को लड़की कोर्ट में पेश होगी, वहीं पर मामले का निपटारा कराने के प्रयास रहेंगे।

### दुकानें बंद होने से ग्रामीण परेशान, बसों का सफर बंद

ग्रामीणों ने बताया कि प्रेम विवाह के बाद धोलेड़ा के ग्रामीणों ने बिगोपुर गांव का बहिष्कार कर रखा है। धोलेड़ा के बस स्टैंड पर बिगोपुर की कई दुकानें हैं, जिनके खोलने पर रोक लगा दी है। इसके अलावा बसों का सफर भी धोलेड़ा बस स्टैंड से करना पड़ता है, विवाद के चलते ग्रामीण बस स्टैंड तक भी नहीं जा पाते हैं। विद्यार्थियों को परीक्षा देने व अन्य काम करने में परेशानी हो रही है।

## सोमवार सायं 4 बजे जब तेज धूप खिल रही थी, तब आई तूफान के साथ जोरदार बरसात

# तूफानी बरसात ने रेलवे रोड पर मचाई तबाही, प्राचीन भारी पेड़ भी गिरे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

सोमवार सायं करीब चार बजे आई तूफानी बरसात से शहर के रेलवे रोड पर भारी तबाही का मंजर देखने को मिला है। इस तूफान बरसात के दौरान जहां सूर्यदेव प्रचंड किरणों के साथ आग उगल रहे थे, वहीं उसी धूप के दौरान बरसात भी हो रही थी। तूफानी बरसात हालांकि थोड़ी देर ही 10-15 मिनट के लिए आई, लेकिन इसके केंद्र में रेलवे रोड रहा और वहां जमकर तबाही मचाई। इससे जहां अनेक प्राचीन भारी पेड़ गिर गए, वहीं लोगों के टीनशेड उड़ गए। बिजली की लाइनें एवं पोल टूट गए, वहीं होर्डिंग भी गिर गए। ब्यॉज कॉलेज के गेट के सामने खड़ा नीम का भारी एवं प्राचीन पेड़ अचानक से चलते ट्राले पर गिर गया। हालांकि कोई हताहत नहीं हुआ, लेकिन इससे ट्रेफिक जाम हो गया। फोटोस्टेट की दुकानों में बरसात का पानी घुस गया तथा उनकी मशीनें, कंप्यूटर, प्रिंटर एवं स्टेशनरी आदि खराब हो गए।

इस गर्मी में अब तक अच्छी मौसम को खुशगवार बना देने वाली बरसात बेशक से नहीं हुई है, लेकिन सोमवार को सायं करीब चार बजे जब तेज धूप गिर रही थी, तब अचानक तूफान के साथ जोरदार बरसात शुरू हो गई। आसमान में उस वक्त घने काले बादल तो दूर, बरसात दूर-दूर तक दिखाई नहीं दे रही थी, लेकिन अचानक जोरदार तूफानी बरसात शुरू हो गई। इस तूफान में इलाके में पेड़, बिजली के पोल एवं ट्रांसफार्मर आदि गिर गए तथा बिजली गुल हो गई। इस तूफान ने सबसे ज्यादा तबाही रेलवे रोड पर मचाई।


नारनौल। ट्राले पर गिरे नीम के पेड़ को हटाती जेसीबी। फोटो : हरिभूमि



नारनौल। कॉलेज गेट के सामने गिरा नीम का पेड़। फोटो : हरिभूमि

पुराने रेलवे स्टेशन रोड पर बसी प्रवासी लोगों की कॉलोनी में नीम का एक भारी पेड़ संतोष पत्नी अशोक के मकान पर गिर गया। हालांकि मकान मालिक दंपत्ति इन दिनों अपने घर महाराष्ट्र जाने के चलते वह बंद था, जिस कारण किसी जान की हानि नहीं हुई, लेकिन मकान को नुकसान हो गया।

इसी कॉलोनी में माता मंदिर की दीवार के साथ खड़े नीम के भारी-भरकम पेड़ के बीचोंबीच दरार आ गया और वह मंदिर दीवार का सहारा मिलने से गिरने से बच गया, जबकि वह भारी नुकसान कर सकता था। रेलवे रोड पर ही स्ट्रीट लाइट का पोल भी इस तूफान का सामना नहीं कर पाया और झूक कर सड़क पर गिर गया।


नारनौल। पुराने रेलवे स्टेशन कॉलोनी के मकान पर गिरा पेड़। फोटो : हरिभूमि

सबसे विचित्र स्थिति तब बन गई, जब एक चलते ट्राले पर कॉलेज गेट के सामने खड़ा नीम का भारी पड़े ट्राले पर जा गिरा। इससे चालक-परिचालक बाल-बाल बच गए और उन्होंने ट्राले को वहीं रोक दिया। कॉलेज गेट के सामने ही दूसरी तरफ खड़ा पेड़ भी इस तूफान में गिर गया। इस कॉलेज की दीवार के साथ बना बिजली शिकायत केंद्र प्रांगण में खड़ा पेड़ भी गिर गया। एक पेड़ थोड़ा आगे गिरा, जो कॉलेज दीवार के साथ खड़ी बैलेनो गाड़ी पर जा गिरा। इससे गाड़ी क्षतिग्रस्त हो गई।

त्रिदेव बुक डिपो के मालिक वीरेंद्र यादव ने बताया कि अचानक से तूफान के साथ बरसात शुरू हो गई, जिस कारण उन्हें दुकान बंद करने का मौका भी नहीं मिला और इस तूफान में उनकी फोटोस्टेट, मशीन, प्रिंटर आदि उड़ कर दूर जा गिरे और इनके परखचे उड़ गए। काउंटर पर रखी बुक्स एवं स्टेशनरी भी उड़ गई तथा बरसात में खराब हो गई। अहीरवाल बुक डिपो के मालिक संदीप ने बताया कि तूफान बरसात में उनके लैपटॉप में पानी भर गया और वह खराब हो गया। फोटोमशीन भी खराब हो गई।

इस तूफानी बरसात के कारण बिजली भी गुल हो गई। हालांकि बरसात बुमश्किल 10-15 मिनट ही आई, लेकिन भारी तबाही मचा गई। पीड़ित लोगों प्रशासन व सरकार से आर्थिक सहायता की मांग की है।


नारनौल। तूफान में झुका स्ट्रीट लाइट का पोल।


नारनौल। तूफान में उखड़ा होर्डिंग। फोटो : हरिभूमि


नारनौल। मंदिर के साथ खड़े पेड़ में आई दरार। फोटो : हरिभूमि


नारनौल। सड़क पर उड़कर पड़ा फोटोस्टेट व प्रिंटर। फोटो : हरिभूमि



नारनौल। कार पर पड़ा पेड़। फोटो : हरिभूमि

# बेटे के एक्सीडेंट होने की बात कह मांगा पैसा, 85 हजार की ठगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

- पुलिस ने करीब पांच माह बाद साइबर पुलिस थाना में आईपीसी की धारा 406,420 के तहत केस दर्ज किया
- पहले उसने 20 हजार मांगे और कहा कि आपको नंबर दे रहा है, उस पर डाल दो


ऑनलाइन ठगी का सिलसिला थम नहीं रहा। व्यक्ति के पास फोन आया और बेटे के एक्सीडेंट का हवाला देते हुए पैसों भेजने का आग्रह किया। पीड़ित ने मामले को क्रॉस करने की बजाय मानवता का परिचय देकर एक के बाद एक करके तीन बार में 85 हजार की राशि दे दी। बाद में मामला समझ में आया तो पुलिस को शिकायत की। पुलिस ने करीब पांच माह बाद साइबर पुलिस थाना में आईपीसी की धारा 406,420 के तहत केस दर्ज किया है।

साइबर क्राइम थाना में दी शिकायत में मौहल्ला गुरुनानकपुरा वासी सूरत सिंह ने बताया कि वह लेखाकार का प्राइवेट काम करता है। 15 जनवरी की शाम 7:10 बजे फोन नंबर पर व्हाट्सएप मैसेज आया। उस पर गांव नांगल पठानी के पूर्व सरपंच की फोटो लगा रखी थी। उसका कहना था कि बेटे का एक्सीडेंट हो गया और वह सीरियस है। हॉस्पिटल में दाखिल है। कुछ पैसों की सख्त जरूरत है। पहले उसने 20 हजार मांगे और कहा कि आपको नंबर दे रहा है, उस पर डाल दो। उनके बताए गए नंबर पर गूगल पे से यह राशि डाल दिए। कुछ देर बार उसका दोबारा से व्हाट्सएप पर कॉल आई और 30 हजार ओर राशि की आवश्यकता बताई। दूसर अकाउंट से उसको ट्रांसफर कर दिए। उसके कुछ ही देर बाद उसने फिर से व्हाट्सएप पर फोन करके 35 हजार मांगें जोकि पीएनबी बैंक अकाउंट से ट्रांसफर कर दिए। यहीं नहीं फिर कॉल आई वह व्हाट्सएप पर 45 हजार की मांग करने लगा। बार-बार रुपये मांगने पर भ्रम हो गया और गांव के सरपंच को फोन किया। पूछा रात को इतने रुपये की किस चीज में जरूरत पड़ गई। उसका जवाब था कि हमने आपसे कोई रुपये नहीं मांगा। उसके बाद इस मामले के संबंध में ठगी होने की टोल फ्री नंबर 1930 पर कॉल करके शिकायत दर्ज करवाई।

# शिक्षक के बंद मकान से लाखों रुपये के आभूषण व हजारों की नकदी चोरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

गांव खेड़ा में बीती रात्रि को अज्ञात चोर एक शिक्षक के बंद मकान से लाखों रुपये के आभूषण व हजारों रुपये की नकदी चोरी करके ले गए। दंपत्ति अपने ससुराल पटौदी गए हुए थे। पीछे से अज्ञात चोरों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया। पीड़ित परिवार ने चोरी की सूचना पुलिस को दी, मौके पर पहुंची सदर व सीआईए पुलिस ने मौका मुआयना किया तथा आसपास के सीसीटीवी खंगाले। पीड़ित परिवार ने चोरी की घटना की शिकायत सदर पुलिस थाना में देकर चोरों को पकड़ने व आभूषण बरामद करने की मांग की हैं। पुलिस ने पीड़ित परिवार की शिकायत पर केस दर्ज कर चोरों की तलाश में लगी हुई हैं।


महेंद्रगढ़। कमरे में चोरी के बाद बिखरा पड़ा सामान। फोटो : हरिभूमि

गांव खेड़ा निवासी शिक्षक दिनेश ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह तथा उसकी पत्नी रविवार को अपने ससुराल पटौदी गए थे। सोमवार सुबह वो वहां से अपने घर लौटे तो बाहर का ताला बंद मिला और अंदर का ताला टूटा हुआ मिला। इसके अलावा कमरों के दरवाजे खुले हुए थे। दोनों अलमारी और बैड का सारा सामान बिखरा हुआ था। जब उन्होंने अपना सामान चेक किया तो दो सोने के कड़े, दो चेन सोने की, कानों की कनौती, तीन अंगूठी सोने की, चांदी की दो जोड़ी भारी पाजेब तथा दो जोड़ी हलकी पाजेब तथा चांदी की चुटकी, जिनकी कीमत लगभग सात लाख रुपये है। 30 हजार रुपये की नकदी चोरी कर ले गए। उन्होंने इसकी सूचना पुलिस को दी, सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने मौका मुआयना किया तथा पीड़ित दिनेश सिंह के बयान पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर चोरों की तलाश में लगी हुई हैं।

## प्रधानमंत्री आज पीएम किसान सम्मान निधि योजना के तहत भेजेंगे 17वीं किस्त

- जिले के 90 हजार किसानों के खाते में आएंगे 18 करोड़ रुपये

**नारनौल।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 18 जून को उत्तर प्रदेश के वाराणसी से डिजिटली जिला महेंद्रगढ़ के 90211 किसानों के खाते में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत 17वीं किस्त भेजेंगे। इस राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रम से वे वर्चुअल माध्यम के जरिए देश के सभी किसानों को संबोधित भी करेंगे। जिला महेंद्रगढ़ में कृषि एवं किसान कल्याण विभाग की ओर से जिला स्तर तथा खंड स्तर पर इस कार्यक्रम को लाइव दिखाने के प्रबंध किए जाएंगे। उपायुक्त मोनिका गुप्ता ने बताया कि किसानों को आर्थिक सहायता देने के लिए प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना चल रही है।

इसके तहत हर वर्ष एक किसान के खाते में छह हजार रुपये उसके खाते में डाले जाते हैं। जिला महेंद्रगढ़ में 90211 किसानों के खाते में 17वीं किस्त के रूप में 18 करोड़ 4 लाख 22 हजार रुपये की राशि भेजेंगे। उन्होंने बताया कि किसान कल्याण विभाग की ओर से जिला स्तर पर स्थानीय पंचायत भवन में यह कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। वहीं प्रत्येक खंड में भी किसानों के लिए इसी प्रकार प्रधानमंत्री के संबोधन को लाइव दिखाया जाएगा। विभाग की ओर से सभी प्रकार की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इस कार्यक्रम में किसानों को बुलाया गया है।

## फर्जी बैंक कर्मी बन सीड कम्पनी कर्मी से 59294 रुपये ठगे

**कनीना।** एक ओर पुलिस प्रशासन कैम्पों का आयोजन कर आमजन को साइबर फ्रॉड के बारे में जागरूक कर रहा है। वहीं दूसरी ओर साइबर अपराधी नए-नए तरीके अपनाकर आमजन को अपने चंगुल में फंसा रहे हैं। उनके लोभ-लालच वाले तरीकों से साइबर अवराध में मामले बढ़ते जा रहे हैं। इसी कड़ी में सब डिवीजन के गांव नोताना निवासी अजीत सीड कम्पनी में कार्यरत सुरेंद्र कुमार ने सदर थान में दी शिकायत में बताया कि उनके मोबाइल फोन पर किसी अज्ञात व्यक्ति की कॉल आई। जिसने अपने आपको बैंक कर्मचारी बताया। पीड़ित ने बताया कि हाल ही में एचडीएफसी बैंक से क्रेडिट कार्ड बनवाया था। फ्रॉड बैंक कर्मी ने पहले तो उसके इस्तेमाल करने के तौर तरीके के बारे में बताया, लेकिन उसके बाद एक लिंक व ओटीपी भेजा। जिस पर क्लिक कर ओटीपी बताया तो उसके बैंक खाते से तीन बार में कुल 59294 रुपये कट गए। इसके बाद उसके मोबाइल पर संपर्क नहीं हो सका। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
महेन्द्रगढ़ :- हरिभूमि कार्यालय, हुड्डा पार्क के सामने, डाक्टर भगत डेंटल अस्पताल वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, महेंद्रगढ़।
नारनौल :- सत्य प्लाजा, प्रथम तल, तरूण कलर लैब वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, नारनौल
फोन : 8295738500, 9253681005

## हरियाणा राज्य परिवहन के महानिदेशक ने नारनौल डिपो से 10 एसी बस सिरसा डिपो को भेजने के दिए हैं आदेश


# सांसद ने सीएम को भेजा पत्र...नारनौल डिपो पर ही रहे 10 एसी बसें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

हरियाणा रोडवेज ने नारनौल डिपो पर कार्यरत 10 एसी बसों को सिरसो डिपो भेजने के आदेश के बाद जिला के लोगों में रोष है। जनहित से जुड़ी इस समस्या को भांपते हुए सांसद चौधरी धर्मवीर सिंह ने मुख्यमंत्री नायब सैनी, परिवहन विभाग हरियाणा के निदेशक सुजानसिंह व परिवहन आयुक्त यशेंद्र सिंह को पत्र लिखा है।

सांसद ने इस पत्र के माध्यम से कहा है कि हरियाणा राज्य परिवहन की वातानुकूलित 10 (एसी बस) बसें जो नारनौल डिपो में दी हुई है। इनमें से नौ बसों को नारनौल-दिल्ली-झुंझुनूं चलाया जा रहा है। जिसमें सैकड़ों यात्री यात्रा करते है। एक बस को नारनौल से चंडीगढ़ चलाया जा रहा है। संज्ञान में आया है कि इन बसों को नारनौल डिपो से हटाकर सिरसा डिपो में लगाया जा रहा है, जो बेहद ही खेदजनक है। इससे संसदीय क्षेत्र के जिला महेंद्रगढ़ में भारी रोष है। मांग है कि इन सभी बसों को नारनौल डिपो में ही लगा रहने दिया जाए तथा इनमें से एक भी बस को इधर-उधर न किया जाए।





नारनौल। 17 जून को प्रकाशित समाचार तथा सांसद की ओर से भेजा गया पत्र।

गौरतलब है कि हरियाणा राज्य परिवहन के महानिदेशक ने 14 जून को जीएम रोडवेज को पत्र भेजा है।

इसमें कहा गया है कि तीन मई को अतिरिक्त निदेशक-1 राज्य परिवहन हरियाणा की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संयुक्त राज्य परिवहन नियंत्रक (तकनीकी), उप-परिवहन नियंत्रक (यातायात) व सभी महाप्रबंधक के साथ आयोजिक की गई बैठक में बसों के बेडे अनुसार संचालक की संभावना व चालक/परिचालकों के स्टाफ की कमी/अधिकता बारे निर्णय लिया गया है। जिन आगारों में बसों की कमी, चालक/परिचालक की अधिकता/कमी के अनुसार उप परिवहन नियंत्रक/यातायात शाखा (कार्य प्रभारी) की अध्यक्षता में बसों के स्थानांतरण की सूची तैयार की गई है। उसके अनुसार नारनौल रोडवेज की 10 बीएस-सिक्स एचवीएसी आयशर को सिरसा डिपो स्थानांतरण किया जाएगा।

वहीं कुरुक्षेत्र से 10 बीएस-फॉर अशोका लिलैण्ड बस भेजी जाएगी। इस पत्र के मुताबिक 10 एसी बस नारनौल से जाएगी और बिना एससी की 10 बस कुरुक्षेत्र से नारनौल आएगी।

### क्या कहते है जीएम

नारनौल डिपो महाप्रबंधक अनीत यादव से बातचीत करने पर बताया कि लोगों की जनभावना को देखते हुए उच्च अधिकारियों को पुनः विचार करने बारे पत्र लिखा है। जो भी निर्णय होगा, उस पर अमल किया जाएगा।